उत्तराखण्ड ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण
(ग्राम्य विकास विभाग, उत्तराखण्ड शासन का अभिकरण)

प्रथम तल, पंचायतीराज निदेशालय,
आई0टी0 पार्क के सामने, सहस्रधारा रोड, देहरादून.

दूरभाष : 0135-2608125, फैक्स : 2608126,
ईमेल : ut-urrda@pmgsy.nic.in,
urrda@yahoo.com.

पत्रांकः 3165/ /यू0आर0आर0डी0ए0/2014 दिनांक 19 जनवरी, 2015

## दिनांक 13.01.15 को मुख्य कार्यकारी अधिकारी, यू0आर0आर0डी0ए0, उत्तराखण्ड शासन की अध्यक्षता में विडियों कॉन्फ्रैन्स द्वारा आहूत बैठक का कार्यवृत्त

दिनांक 13.01.15 को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की समीक्षा हेतु मुख्य कार्यकारी अधिकारी, यू0आर0आर0डी0ए0, उत्तराखण्ड शासन की अध्यक्षता में विडियों कॉन्फ्रैन्स द्वारा बैठक आहूत की गयी जिसकी उपस्थिति संलग्नक–1 पर प्रस्तुत है। मुख्य कार्यकारी अधिकारी द्वारा उपस्थित समस्त अधिकारीगणों का स्वागत करते हुए बैठक की कार्यवाही आरम्भ करने के निर्देश दिये गये। बैठक का कार्यवृत्त निम्नानुसार है–

सर्वप्रथम मुख्य अभियन्ता यू0आर0आर0डी0ए0 द्वारा गत बैठक दिनांक 19–12–2014 में दिये गये निर्देशों पर अनुपालन आख्या के सम्बन्ध में अवगत कराया गया कि क्रमांक–1 से 5 तक अंकित विन्दुओं पर अनुपालन पूर्ण कर लिया गया है तथा भारत सरकार से प्रोग्राम फण्ड की अवशेष धनराशि रू0 128.00 करोड़ तथा एडमिनिस्ट्रेटिव फण्ड की अवशेष धनराशि रू0 5.00 करोड़ शीघ्र भारत सरकार से प्राप्त हो जायेगी, इसके अतिरिक्त राज्य सरकार से अनुरक्षण की अवशेष धनराशि प्राप्त करने की कार्यवाही गतिमान है तथा वर्ष 2015–16 संशोधित प्रस्तावित बजट भी राज्य सरकार को प्रेषित कर दिया गया है।

गत बैठक दिनांक 19–12–2014 के अनुपालन आख्या मुख्य अभियन्ता पी0एम0जी0एस0वाई0 गढ़वाल, कुमॉऊ अथवा किसी भी अधीक्षण अभियन्ता पी0एम0जी0एस0वाई0 वृत्त से प्राप्त नहीं हुई जिस कारण Action Taken Report समय से तैयार नही हो पाती हैं। इस सम्बन्ध में निर्देश दिये गये कि सभी अधीक्षण अभियन्ता, पी0एम0जी0एस0वाई0 अपने कार्यक्षेत्र से सम्बन्धित बिन्दुओं पर Action Taken Report प्रत्येक दशा में एक माह के भीतर अथवा अगली समीक्षा बैठक नियत होने पर नियत तिथि से तीन दिन पूर्व, जो भी पहले हो, प्रस्तुत करेंगे।

**पी0आई0यू0वार वित्तीय एवं भौतिक प्रगति** – सभी पी0आई0यू0 को दिये गये लक्ष्यों के सापेक्ष माह दिसम्बर में की गई प्रगति, कुल प्रगति तथा अवशेष तीन माह जनवरी फरवरी एवं मार्च में व्यय की जाने वाली धनराशि की समीक्षा की गई, जिसका पी0आई0यू0वार विवरण निम्नानुसार हैं :–

1. **अल्मोड़ा, सिचांई खण्ड़** का वर्ष 2014–15 का वित्तीय लक्ष्य रू0 16.05 करोड है जिसके सापेक्ष उनके द्वारा माह दिसम्बर तक रू0 10.49 करोड़ का व्यय किया गया । अवशेष लक्ष्य रू0 5.56 करोड़ की पूर्ति हेतु उनके द्वारा माह जनवरी में रू0 1.00 करोड़ माह फरवरी में रू0 1.50 करोड़ तथा माह मार्च में रू0 3.06 करोड़ कुल रू0 5.56 करोड़ व्यय करने हेतु अवगत कराया गया। इस हेतु माह जनवरी के अथोराईजेशन की मांग उनके द्वारा प्रेषित कर दी गयी है तथा फरवरी एव मार्च की मागं पृथक से भेजी जा रही है।

   अल्मोड़ सिचांई खण्ड़ का गत वर्ष माह दिसम्बर में किया व्यय **रू0 0.90 करोड़** है जबकि इस वर्ष माह दिसम्बर में केवल **रू0 0.15 करोड** व्यय किया गया, इससे प्रतित होता है कि सम्बन्धित खण्ड़ द्वारा लक्ष्यों की पूर्ति करने हेतु रूचि नहीं ली जा रही हैं । माह दिसम्बर में किये गये अत्यधिक कम व्यय **रू0 0.15 करोड़** की तुलना में अवशेष लक्ष्य **रू0 5.56 करोड़** की पूर्ति आगामी तीन माह में किये जाने हेतु विशेष प्रयास की आवश्यकता है। निर्देश दिये गये कि सम्बन्धित अधीक्षण अभियन्ता, सिचांई खण्ड अल्मोड़ा के कार्यो का विस्तृत परीक्षण कर लक्ष्य को पूर्ण करने हेतु व्यवहारिक कार्ययोजना तत्काल प्रस्तुत करें अन्यथा की स्थिति में सम्बन्धित अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी।

2. **अल्मोड़ा, लो0नि0वि0 खण्ड़** का वर्ष 2014–15 का वित्तीय लक्ष्य रू0 6.53 करोड है जिसके सापेक्ष उनके द्वारा माह दिसम्बर तक रू0 4.02 करोड़ का व्यय किया गया । अवशेष लक्ष्य रू0 2.51 करोड़ की पूर्ति हेतु उनके द्वारा माह जनवरी में रू0 0.80 करोड़ माह फरवरी में रू0 0.80 करोड़ तथा माह मार्च में रू0 0.91 करोड़ कुल रू0 2.51 करोड़ व्यय करने हेतु अवगत कराया गया।

   अल्मोड़ा लो0नि0वि0 खण्ड़ द्वारा गत वर्ष दिसम्बर में किये गये व्यय **रू0 1.03 करोड़** के सापेक्ष इस वर्ष दिसम्बर में **रू0 1.20 करोड** का व्यय किया गया **जो संतोषजनक है।** अल्मोड़ा लो0नि0वि0 खण्ड़ के पास उपलब्ध अवशेष कार्यो को दृष्टिगत रखते हुए उन्हें अपना लक्ष्य **रू0 2.00 करोड़** बढाने के निर्देश दिये गये।

3. **बागेश्वर खण्ड़** का वर्ष 2014–15 का वित्तीय लक्ष्य रू0 22.70 करोड है जिसके सापेक्ष उनके द्वारा माह दिसम्बर तक रू0 13.63 करोड़ का व्यय किया गया । अवशेष लक्ष्य रू0 9.07 करोड़ की पूर्ति हेतु उनके द्वारा माह जनवरी में रू0 2.00 करोड़ माह फरवरी में रू0 3.00 करोड़ तथा माह मार्च में रू0 4.07 करोड़ कुल रू0 9.07 करोड़ व्यय करने हेतु अवगत कराया गया।

बागेश्वर खण्ड का गत वर्ष माह दिसम्बर का व्यय **रू0 1.58 करोड़** है जबकि इस वर्ष माह दिसम्बर में केवल **रू0 0.27 करोड़** व्यय किया गया इससे प्रतित होता है, कि सम्बन्धित खण्ड द्वारा लक्ष्यों की पूर्ति करने हेतु रुचि नहीं ली जा रही हैं । माह दिसम्बर में किये गये अत्यधिक कम व्यय **रू0 0.27 करोड** की तुलना में अवशेष लक्ष्य **रू0 9.07 करोड** की पूर्ति आगामी तीन माह में किया जाना अत्यन्त कठिन है। निर्देश दिये गये कि सम्बन्धित अधीक्षण अभियन्ता, बागेश्वर खण्ड के कार्यो का विस्तृत परीक्षण कर लक्ष्य को पूर्ण करने हेतु व्यवहारिक कार्ययोजना तत्काल प्रस्तुत करें अन्यथा की स्थिति में सम्बन्धित अधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाही की जायेगी।

4. **कपकोट खण्ड़** का वर्ष 2014–15 का वित्तीय लक्ष्य रू0 9.60 करोड है जिसके सापेक्ष उनके द्वारा माह दिसम्बर तक रू0 6.35 करोड़ का व्यय किया गया । अवशेष लक्ष्य रू0 3.25 करोड़ के सापेक्ष उनके द्वारा माह जनवरी में रू0 0.90 करोड़ माह फरवरी में रू0 1.10 करोड़ तथा माह मार्च में रू0 2.50 करोड़ कुल रू0 4.50 करोड़ व्यय करने हेतु अवगत कराया गया। इस हेतु उनके द्वारा आथोराईजेशन की मांग शीघ्र भेजी जा रही है।

कपकोट खण्ड का गत वर्ष दिसम्बर में किये गये व्यय **रू0 0.90 करोड़** के सापेक्ष इस वर्ष दिसम्बर में **रू0 0.46 करोड** का व्यय किया गया **जो संतोषजनक नहीं है।** कपकोट खण्ड को अवशेष लक्ष्य को पूर्ण करने हेतु विशेष प्रयास की आवश्यकता है। निर्देश दिये गये कि सम्बन्धित अधीक्षण अभियन्ता, कपकोट खण्ड के कार्यो का विस्तृत परीक्षण कर लक्ष्य को पूर्ण करने हेतु व्यवहारिक कार्ययोजना तत्काल प्रस्तुत करें अन्यथा की स्थिति में सम्बन्धित अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी।

**अधीक्षण अभियन्ता अल्मोड़ा वृत्त को निर्देश दिये गये कि वे अपने वृत्त के अधीन अल्मोड़ सिचांई खण्ड, बागेश्वर खण्ड, कपकोट खण्ड़ के लक्ष्यों को विशेष प्रयास कर पूर्ण कराये तथा माह जनवरी–2015 में अच्छी प्रगति प्राप्त की जाये अन्यथा की स्थिति में सम्बन्धित अधिकारियों के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।**

5. **सल्ट लो0नि0वि0 खण्ड** का वर्ष 2014–15 का वित्तीय लक्ष्य रू0 11.00 करोड है जिसके सापेक्ष उनके द्वारा माह दिसम्बर तक रू0 8.54 करोड़ का व्यय किया गया । अवशेष लक्ष्य रू0 2.46 करोड़ की पूर्ति हेतु उनके द्वारा माह जनवरी में रू0 0.50 करोड़ माह फरवरी में रू0 0.75 करोड़ तथा माह मार्च में रू0 1.21 करोड़ कुल रू0 2.46 करोड़ व्यय करने हेतु अवगत कराया गया। इस सम्बन्ध में अथोराईजेशन की मांग प्रेषित कर दी गई है।

सल्ट लो0नि0वि0 खण्ड़ का गत वर्ष दिसम्बर में किये गये व्यय **रू0 1.41 करोड़** के सापेक्ष इस वर्ष दिसम्बर में **रू0 0.38 करोड** का व्यय किया गया जो काफी कम है परन्तु इनके द्वारा गत नौ माह में अच्छी प्रगति कर 78% व्यय कर लिया गया है।

6. **ज्योलीकोट खण्ड़** का वर्ष 2014–15 का वित्तीय लक्ष्य रू0 8.90 करोड है जिसके सापेक्ष उनके द्वारा माह दिसम्बर तक रू0 5.20 करोड़ का व्यय किया गया । अवशेष लक्ष्य रू0 3.70 करोड़ की पूर्ति हेतु उनके द्वारा माह जनवरी में रू0 1.00 करोड़ माह फरवरी में रू0 1.50 करोड़ तथा माह मार्च में रू0 1.20 करोड़ कुल रू0 3.70 करोड़ व्यय करने हेतु अवगत कराया गया। इस सम्बन्ध में अथोराईजेशन की मांग शीघ्र प्रेषित करने के निर्देश दिये गये।

ज्योलीकोट खण्ड द्वारा गत वर्ष दिसम्बर में किये गये व्यय **रू0 1.41 करोड** के सापेक्ष इस वर्ष दिसम्बर में **रू0 0.28 करोड** का व्यय किया गया तथा माह दिसम्बर तक की प्रगति केवल 58% ही है जो संतोषजनक नहीं है। ज्योलीकोट खण्ड को अवशेष लक्ष्य को पूर्ण करने हेतु विशेष प्रयास की आवश्यकता है। निर्देश दिये गये कि सम्बन्धित अधीक्षण अभियन्ता, ज्योलीकोट खण्ड के कार्यो का विस्तृत परीक्षण कर लक्ष्य को पूर्ण करने हेतु व्यवहारिक कार्ययोजना तत्काल प्रस्तुत करें।

7. **काठगोदाम खण्ड़** का वर्ष 2014–15 का वित्तीय लक्ष्य रू0 12.00 करोड है जिसके सापेक्ष उनके द्वारा माह दिसम्बर तक रू0 8.42 करोड़ का व्यय किया गया । अवशेष लक्ष्य रू0 3.58 करोड़ की पूर्ति हेतु उनके द्वारा माह जनवरी में रू0 1.00 करोड़ माह फरवरी में रू0 1.25 करोड़ तथा माह मार्च में रू0 1.35 करोड़ कुल रू0 3.60 करोड़ व्यय करने हेतु अवगत कराया गया। इस सम्बन्ध में अथोराईजेशन की मांग प्रेषित की जा रही है।

काठगोदाम खण्ड़ द्वारा गत वर्ष दिसम्बर में किये गये व्यय **रू0 1.34 करोड़** के सापेक्ष इस वर्ष दिसम्बर में **रू0 0.55 करोड** का व्यय किया गया जो संतोषजनक नहीं है। काठगोदाम खण्ड़ को अवशेष लक्ष्य को पूर्ण करने हेतु विशेष प्रयास की आवश्यकता है। निर्देश दिये गये कि सम्बन्धित अधीक्षण अभियन्ता, काठगोदाम खण्ड के कार्यो का विस्तृत परीक्षण कर लक्ष्य को पूर्ण करने हेतु व्यवहारिक कार्ययोजना तत्काल प्रस्तुत करें।

8. **द्वाराहाट खण्ड़** से कनक्टीविटी न होने के कारण बैठक नहीं की जा सकी। खण्ड़ द्वारा माह दिसम्बर तक केवल 52% व्यय किया गया है जो कम है। द्वाराहाट खण्ड़ को अवशेष लक्ष्य को पूर्ण करने हेतु विशेष प्रयास की आवश्यकता है। निर्देश दिये गये कि सम्बन्धित अधीक्षण अभियन्ता, काठगोदाम खण्ड के कार्यो का विस्तृत परीक्षण कर लक्ष्य को पूर्ण करने हेतु व्यवहारिक कार्ययोजना तत्काल प्रस्तुत करें।

**अधीक्षण अभियन्ता ज्योलीकोट वृत्त को निर्देश दिये गये कि वे अपने वृत्त के अधीन ज्योलीकोट खण्ड, काठगोदाम खण्ड एवं द्वाराहाट खण्ड के लक्ष्यों को विशेष प्रयास कर पूर्ण कराये तथा माह जनवरी–2015 में अच्छी प्रगति प्राप्त की जाये अन्यथा की स्थिति में सम्बन्धित अधिकारियों के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।**

9. **चम्पावत खण्ड** का वर्ष 2014–15 का वित्तीय लक्ष्य रू0 6.30 करोड है जिसके सापेक्ष उनके द्वारा माह दिसम्बर तक रू0 3.85 करोड़ का व्यय किया गया । अवशेष लक्ष्य रू0 2.45 करोड़ के सापेक्ष उनके द्वारा माह जनवरी में रू0 0.50 करोड़ माह फरवरी में रू0 0.75 करोड़ तथा माह मार्च में रू0 1.70 करोड़ कुल रू0 2.95 करोड़ व्यय करने हेतु अवगत कराया गया। इस सम्बन्ध में अथोराईजेशन की मांग प्रेषित कर दी गई है।

चम्पावत खण्ड द्वारा माह दिसम्बर में **रू0 0.27 करोड** का व्यय किया गया है जो काफी कम है। माह दिसम्बर में किये गये अत्यधिक कम व्यय **रू0 0.27 करोड़** की तुलना में अवशेष लक्ष्य **रू0 2.95 करोड़** की पूर्ति आगामी तीन माह में किया जाना अत्यन्त कठिन है। निर्देश दिये गये कि सम्बन्धित अधीक्षण अभियन्ता, चम्पावत खण्ड के कार्यो का विस्तृत परीक्षण कर लक्ष्य को पूर्ण करने हेतु व्यवहारिक कार्ययोजना तत्काल प्रस्तुत करें।

10. **लोहाघाट खण्ड़** का वर्ष 2014–15 का वित्तीय लक्ष्य रू0 9.01 करोड है जिसके सापेक्ष उनके द्वारा माह दिसम्बर तक रू0 6.61 करोड़ का व्यय किया गया । अवशेष लक्ष्य रू0 2.40 करोड़ के सापेक्ष उनके द्वारा माह जनवरी में रू0 0.69 करोड़ माह फरवरी में रू0 0.74 करोड़ तथा माह मार्च में रू0 0.97 करोड़ कुल रू0 2.40 करोड़ व्यय करने हेतु अवगत कराया गया। इस सम्बन्ध में अथोराईजेशन की मांग प्रेषित की जा रही है।

लोहाघाट खण्ड़ का गत वर्ष दिसम्बर में किये गये व्यय **रू0 1.98 करोड़** के सापेक्ष इस वर्ष दिसम्बर में **रू0 0.28 करोड** का व्यय किया गया जो संतोषजनक नहीं है। लोहाघाट खण्ड़ को अवशेष लक्ष्य को पूर्ण करने हेतु विशेष प्रयास की आवश्यकता है। निर्देश दिये गये कि सम्बन्धित अधीक्षण अभियन्ता, लोहाघाट खण्ड के कार्यो का विस्तृत परीक्षण कर लक्ष्य को पूर्ण करने हेतु व्यवहारिक कार्ययोजना तत्काल प्रस्तुत करें।

11. **पिथौरागढ़ सिचांई खण्ड** का वर्ष 2014–15 का वित्तीय लक्ष्य रू0 5.00 करोड है जिसके सापेक्ष उनके द्वारा माह दिसम्बर तक रू0 3.90 करोड़ का व्यय किया गया । अवशेष लक्ष्य रू0 1.10 करोड़ की पूर्ति हेतु उनके द्वारा माह जनवरी में रू0 0.50 करोड़ माह फरवरी में शुन्य तथा माह मार्च में रू0 0.60 करोड़ कुल रू0 1.10 करोड़ व्यय करने हेतु अवगत कराया गया।

पिथौरागढ़ सिचांई खण्ड़ द्वारा गत वर्ष दिसम्बर में किये गये व्यय **रू0 1.31 करोड़** के सापेक्ष इस वर्ष दिसम्बर में **रू0 0.36 करोड** का व्यय किया गया जो संतोषजनक नहीं है। इस सम्बन्ध में पिथौरागढ़ सिचांई खण्ड़ को निर्देश दिये गये कि उनके खण्ड में देवलथल बमडोली मोटर मार्ग लागत रू0 561.30 लाख का कार्य आज अवार्ड किया जा रहा है तत्काल इसका अनुबन्ध गठित करें जनवरी माह के अन्त तक कार्य आरम्भ कराया जाये ताकि फरवरी एवं मार्च माह में इस कार्य में प्रगति आ सकें। सम्बन्धित पी0आई0यू0 को लक्ष्य बढ़ाने के निर्देश दिये गये।

12. **पिथौरागढ़ लो0नि0वि0 खण्ड़** का वर्ष 2014–15 का वित्तीय लक्ष्य रू0 21.31 करोड है जिसके सापेक्ष उनके द्वारा माह दिसम्बर तक रू0 13.12 करोड़ का व्यय किया गया । अवशेष लक्ष्य रू0 8.19 करोड़ की पूर्ति हेतु उनके द्वारा माह जनवरी में रू0 2.00 करोड़ तथा शेष माह फरवरी एवं मार्च में व्यय करने हेतु अवगत कराया गया।

पिथौरागढ़ लो0नि0वि0 खण्ड़ द्वारा माह दिसम्बर में **रू0 2.14 करोड** का व्यय किया गया है जो संतोषजनक है परन्तु अवशेष लक्ष्य **रू0 8.19 करोड़** की पूर्ति हेतु विशेष प्रयास की आवश्यकता हैं। निर्देश दिये गये कि सम्बन्धित अधीक्षण अभियन्ता, पिथौरागढ़ लो0नि0वि0 खण्ड़ के कार्यो का परीक्षण कर लक्ष्य को पूर्ण करने हेतु व्यवहारिक विस्तृत कार्ययोजना तत्काल प्रस्तुत करें ताकि लक्ष्यों की शत–प्रतिशत पूर्ति की जा सकें ।

**13, 14,** डीडीहाट एवं धारचूला से कनक्टीविटी न होने के कारण बैठक नहीं की जा सकी, उक्त दोनो पी0आई0यू0 अवशेष लक्ष्यों के सापेक्ष आगामी तीन माह में व्यय की जाने वाली धनराशि, कार्यो का विस्तृत विवरण तथा आथोराईजेशन की मांग तत्काल यू0आर0आर0डी0ए0 को उपलब्ध करायें ।

**अधीक्षण अभियन्ता पिथौरागढ़ वृत्त को निर्देश दिये गये कि वे अपने वृत्त के अधीन चम्पावत खण्ड, लोहाघाट खण्ड, पिथौरागढ़ सिचांई खण्ड़ के लक्ष्यों को विशेष प्रयास कर पूर्ण कराये तथा माह जनवरी–2015 में अच्छी प्रगति प्राप्त की जाये अन्यथा की स्थिति में सम्बन्धित अधिकारियों के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।**

15. **कालसी खण्ड़** का वर्ष 2014–15 का वित्तीय लक्ष्य रू0 17.20 करोड है जिसके सापेक्ष उनके द्वारा माह दिसम्बर तक रू0 10.08 करोड़ का व्यय किया गया । अवशेष लक्ष्य रू0 7.12 करोड़ के सापेक्ष उनके द्वारा माह जनवरी में रू0 2.5 करोड़ माह फरवरी में रू0 3.00 करोड़ तथा माह मार्च में रू0 2.49 करोड़ कुल रू0 7.99 करोड़ व्यय करने हेतु अवगत कराया गया।

कालसी खण्ड़ द्वारा गत वर्ष दिसम्बर में किये गये व्यय **रू0 1.84 करोड़** के सापेक्ष इस वर्ष दिसम्बर में **रू0 0.87 करोड** का व्यय किया गया जो संतोषजनक नहीं है। कालसी खण्ड़ में उपलब्ध अवशेष कार्यो को दृष्टिगत रखते हुए इनका लक्ष्य **रू0 17.20 करोड़** के

स्थान पर **रू0 20.00 करोड़** किया जाना उचित होगा। कालसी खण्ड को अवशेष लक्ष्य को पूर्ण करने हेतु विशेष प्रयास की आवश्यकता है। निर्देश दिये गये कि सम्बन्धित अधीक्षण अभियन्ता, कालसी खण्ड के कार्यो का विस्तृत परीक्षण कर लक्ष्य को पूर्ण करने हेतु व्यवहारिक कार्ययोजना तत्काल प्रस्तुत करें अन्यथा की स्थिति में सम्बन्धित अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी।

16. **देहरादून सिचांई खण्ड** का वर्ष 2014–15 का वित्तीय लक्ष्य रू0 11.45 करोड है जिसके सापेक्ष उनके द्वारा माह दिसम्बर तक रू0 3.20 करोड़ का व्यय किया गया । अवशेष लक्ष्य रू0 8.25 करोड़ के सापेक्ष उनके द्वारा माह जनवरी में रू0 2.00 करोड़ माह फरवरी में रू0 2.50 करोड़ तथा माह मार्च में रू0 4.00 करोड़ कुल रू0 8.50 करोड़ व्यय करने हेतु अवगत कराया गया।

देहरादून सिचांई खण्ड की माह अगस्त तक की प्रगति प्रदेश में सबसे कम केवल 28% है **जो अत्यनत असंतोषजनक है।** इस खण्ड द्वारा कराये जा रहे अधिकांश कार्य जनपद हरिद्वार के है जिसमें मुख्य रूप से Primix Carpet का कार्य होना हैं, जिसमें माह फरवरी एवं मार्च में काफी व्यय किया सकता है। उपलब्ध अवशेष कार्यो को दृष्टिगत रखते हुए इन्हें आगामी तीन माहों में अपना लक्ष्य **रू0 8.50 करोड़** के सापेक्ष **रू0 11.00 करोड** बढाने के निर्देश दिये गये। देहरादून सिचांई खण्ड को अवशेष लक्ष्य को पूर्ण करने हेतु विशेष प्रयास की आवश्यकता है। निर्देश दिये गये कि सम्बन्धित अधीक्षण अभियन्ता, देहरादून सिंचाई खण्ड के कार्यो का विस्तृत परीक्षण कर लक्ष्य को पूर्ण करने हेतु व्यवहारिक कार्ययोजना तत्काल प्रस्तुत करें अन्यथा की स्थिति में सम्बन्धित अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी।

17. **टिहरी खण्ड**–। का वर्ष 2014–15 का वित्तीय लक्ष्य रू0 20.55 करोड है जिसके सापेक्ष उनके द्वारा माह दिसम्बर तक रू0 11.27 करोड़ का व्यय किया गया । अवशेष लक्ष्य रू0 9.28 करोड़ की पूर्ति हेतु उनके द्वारा माह जनवरी में रू0 2.00 करोड़ माह फरवरी में रू0 2.50 करोड़ तथा माह मार्च में रू0 4.75 करोड़ कुल रू0 9.25 करोड़ व्यय करने हेतु अवगत कराया गया। इस सम्बन्ध में अथोराईजेशन की मांग प्रेषित करने के निर्देश दिये गये।

टिहरी खण्ड़–1 द्वारा इस वर्ष दिसम्बर में **रू0 1.31 करोड** का व्यय किया गया है, जो निर्धारित लक्ष्यों के सापेक्ष कम है। टिहरी खण्ड़–1 द्वारा माह दिसम्बर में किये गये व्यय की तुलना में अवशेष लक्ष्य को पूर्ण करने हेतु विशेष प्रयास की आवश्यकता है। निर्देश दिये गये कि सम्बन्धित अधीक्षण अभियन्ता, टिहरी खण्ड़–1 के कार्यो का विस्तृत परीक्षण कर लक्ष्य को पूर्ण करने हेतु व्यवहारिक कार्ययोजना तत्काल प्रस्तुत करें।

18. **टिहरी खण्ड–2** का वर्ष 2014–15 का वित्तीय लक्ष्य रू0 6.16 करोड है जिसके सापेक्ष उनके द्वारा माह दिसम्बर तक रू0 3.25 करोड़ का व्यय किया गया । अवशेष लक्ष्य रू0 2.91 करोड़ के सापेक्ष उनके द्वारा माह जनवरी में रू0 0.90 करोड़ माह फरवरी में रू0 1.00 करोड़ तथा माह मार्च में रू0 1.10 करोड़ कुल रू0 3.00 करोड़ व्यय करने हेतु अवगत कराया गया। यह भी अवगत कराया कि इस सम्बन्ध में अथोराईजेशन की मांग शीघ्र प्रेषित की जा रही है।

टिहरी खण्ड़–2 द्वारा इस वर्ष माह दिसम्बर में **रू0 0.75 करोड** का व्यय किया गया है। निर्देश दिये गये कि टिहरी खण्ड़–2 अपनी प्रगति को बढाते हुए आगामी माहों में अवशेष लक्ष्य को पूर्ण करें ।

19. **नरेन्द्रनगर खण्ड़** का वर्ष 2014–15 का वित्तीय लक्ष्य रू0 18.50 करोड है जिसके सापेक्ष उनके द्वारा माह दिसम्बर तक रू0 12.77 करोड़ का व्यय किया गया । अवशेष लक्ष्य रू0 5.73 करोड़ के सापेक्ष उनके द्वारा माह जनवरी में रू0 2.46 करोड़ माह फरवरी में रू0 1.50 करोड़ तथा माह मार्च में रू0 2.21 करोड कुल रू0 6.17 करोड़ व्यय करने हेतु अवगत कराया गया। यह भी अवगत कराया कि इस सम्बन्ध में अथोराईजेशन की मांग शीघ्र प्रेषित की जा रही है।

नरेन्द्रनगर खण्ड़ द्वारा इस वर्ष दिसम्बर में **रू0 3.04 करोड** का व्यय किया गया है। नरेन्द्रनगर खण्ड़ द्वारा माह जनवरी, फरवरी एवं मार्च में व्यय किये जाने की, जो कार्य योजना ऊपर प्रस्तुत की है वह अत्यन्त कम है। इनके द्वारा माह दिसम्बर में किये गये व्यय एवं अवशेष कार्यो की लागत को दृष्टिगत रखते हुए इनका लक्ष्य बढाया जाना आवश्यक है। निर्देश दिये गये कि सम्बन्धित अधीक्षण अभियन्ता, नरेन्द्रनगर खण्ड़ के कार्यो का विस्तृत परीक्षण कर अवशेष कार्यो एवं इनकी कार्य क्षमता के अनुसार व्यवहारिक कार्ययोजना तत्काल प्रस्तुत करें ताकि इस खण्ड़ द्वारा अधिक से अधिक व्यय किया जा सकें ।

**नरेन्द्रनगर के अतिरिक्त जो खण्ड मैदानी क्षेत्र अथवा कम ऊंचाई में है वे सभी अवशेष कार्यो का कार्यवार पर्ट–चार्ट तत्काल यू0आर0आर0डी0ए0 को प्रस्तुत करेंगे तथा इनके लक्ष्य को तदानुसार संशोधित किया जाये।**

20. **उत्तरकाशी खण्ड़** में माननीय मुख्यमंत्री जी का कार्यक्रम होने के कारण उत्तरकाशी खण्ड़ की समीक्षा नही हो सकी। उत्तरकाशी खण्ड द्वारा माह दिसम्बर में केवल **रू0 0.25 करोड़** व्यय किया गया है, **जो संतोषजनक नहीं है।** निर्देश दिये गये कि सम्बन्धित अधीक्षण अभियन्ता, उत्तरकाशी खण्ड़ के कार्यो का विस्तृत परीक्षण कर लक्ष्य को पूर्ण करने हेतु व्यवहारिक कार्ययोजना तत्काल प्रस्तुत करें अन्यथा की स्थिति में सम्बन्धित अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी।

21. **पुरोला खण्ड़** का वर्ष 2014–15 का वित्तीय लक्ष्य रू0 7.00 करोड है जिसके सापेक्ष उनके द्वारा माह दिसम्बर तक रू0 3.12 करोड़ का व्यय किया गया । अवशेष लक्ष्य रू0 3.88 करोड़ के सापेक्ष उनके द्वारा माह जनवरी में रू0 0.80 करोड़ तथा माह फरवरी एवं मार्च सहित कुल मांग सम्बन्धित पी0आई0यू0 शीघ्र प्रेषित करेंगें।

पुरोला खण्ड़ द्वारा इस वर्ष दिसम्बर में **रू0 0.27 करोड** का व्यय किया गया हैं **जो संतोषजनक नहीं है।** पुरोला खण्ड़ को अवशेष लक्ष्य को पूर्ण करने हेतु विशेष प्रयास की आवश्यकता है। निर्देश दिये गये कि सम्बन्धित अधीक्षण अभियन्ता, पुरोला खण्ड़ के कार्यो का

विस्तृत परीक्षण कर लक्ष्य को पूर्ण करने हेतु व्यवहारिक कार्ययोजना तत्काल प्रस्तुत करें अन्यथा की स्थिति में सम्बन्धित अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी।

**अधीक्षण अभियन्ता मसूरी वृत्त को निर्देश दिये गये कि वे अपने वृत्त के अधीन कालसी खण्ड, देहरादून सिचांई खण्ड, टिहरी खण्ड–1, उत्तरकाशी एंव पुरोला खण्ड के लक्ष्यों को विशेष प्रयास कर पूर्ण कराये तथा माह जनवरी–2015 में अच्छी प्रगति प्राप्त की जाये अन्यथा की स्थिति में सम्बन्धित अधिकारियों के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।**

22. **श्रीनगर खण्ड** का वर्ष 2014–15 का वित्तीय लक्ष्य रू0 18.83 करोड है जिसके सापेक्ष उनके द्वारा माह दिसम्बर तक रू0 12.88 करोड़ का व्यय किया गया । अवशेष लक्ष्य रू0 5.95 करोड़ के सापेक्ष उनके द्वारा माह जनवरी में रू0 2.00 करोड़ माह फरवरी में रू0 1.50 करोड़ तथा माह मार्च में रू0 2.12 करोड़ कुल रू0 5.62 करोड़ व्यय करने हेतु अवगत कराया गया।

श्रीनगर खण्ड द्वारा इस वर्ष दिसम्बर में **रू0 0.57 करोड** का व्यय किया गया हैं जो अत्यन्त कम है। श्रीनगर खण्ड को माह दिसम्बर में किये गये व्यय की तुलना में अवशेष लक्ष्य को पूर्ण करने हेतु विशेष प्रयास की आवश्यकता है। निर्देश दिये गये कि सम्बन्धित अधीक्षण अभियन्ता, श्रीनगर खण्ड के कार्यो का विस्तृत परीक्षण कर लक्ष्य को पूर्ण करने हेतु व्यवहारिक कार्ययोजना तत्काल प्रस्तुत करें।

23. **कोटद्वार खण्ड** का वर्ष 2014–15 का वित्तीय लक्ष्य रू0 18.67 करोड है जिसके सापेक्ष उनके द्वारा माह दिसम्बर तक रू0 12.88 करोड़ का व्यय किया गया । अवशेष लक्ष्य रू0 5.79 करोड़ के सापेक्ष उनके द्वारा माह जनवरी में रू0 2.54 करोड़ शेष माह फरवरी एवं मार्च में व्यय करने हेतु अवगत कराया गया।

कोटद्वार खण्ड द्वारा गत वर्ष माह दिसम्बर में **रू0 0.92 करोड** के सापेक्ष इस वर्ष माह दिसम्बर में **रू0 1.92 करोड़** का व्यय किया गया हैं **जो संतोषजनक है।** कोटद्वार खण्ड द्वारा माह दिसम्बर में किये गये व्यय एवं इस खण्ड में अवशेष कार्यो दृष्टिगत रखते हुए इनका लक्ष्य रू0 18.67 करोड़ से बढ़ाकर रू0 25.00 करोड़ किया जाना उचित होगा। निर्देश दिये गये कि सम्बन्धित अधीक्षण अभियन्ता, कोटद्वार खण्ड के कार्यो का विस्तृत परीक्षण कर लक्ष्यों को बढाते हुए व्यवहारिक कार्ययोजना तत्काल प्रस्तुत करें।

24. **सतपुली खण्ड** का वर्ष 2014–15 का वित्तीय लक्ष्य रू0 12.28 करोड है जिसके सापेक्ष उनके द्वारा माह दिसम्बर तक रू0 9.00 करोड़ का व्यय किया गया । अवशेष लक्ष्य रू0 3.28 करोड़ के सापेक्ष उनके द्वारा माह जनवरी में रू0 1.30 करोड़ माह फरवरी में रू0 1.35 करोड़ तथा माह मार्च में रू0 1.90 करोड़ कुल रू0 4.55 करोड़ व्यय करने हेतु अवगत कराया गया कि अथोराईजेशन की मांग प्रेषित कर दी गई है।

सतपुली खण्ड द्वारा गत वर्ष माह दिसम्बर में **रू0 0.75 करोड** के सापेक्ष इस वर्ष माह दिसम्बर में **रू0 1.60 करोड़** का व्यय किया गया हैं **जो संतोषजनक है।** सतपुली खण्ड द्वारा माह दिसम्बर में किये गये व्यय एवं इस खण्ड में अवशेष कार्यो दृष्टिगत रखते हुए इनका लक्ष्य बढाया जाना उचित होगा। निर्देश दिये गये कि सम्बन्धित अधीक्षण अभियन्ता, सतपुली खण्ड के कार्यो का विस्तृत परीक्षण कर लक्ष्यों को बढाते हुए व्यवहारिक कार्ययोजना तत्काल प्रस्तुत करें।

लवाण बन्धु मोटर मार्ग का कार्य ठेकेदार द्वारा कार्य न करने के कारण इसे नियमानुसार फोर क्लोज किया जाये तथा अवशेष कार्य हेतु निविदा आमन्त्रित की जायें ।

25. **बैजरों खण्ड** का वर्ष 2014–15 का वित्तीय लक्ष्य रू0 12.19 करोड है जिसके सापेक्ष उनके द्वारा माह दिसम्बर तक रू0 6.89 करोड़ का व्यय किया गया । अवशेष लक्ष्य रू0 5.30 करोड़ के सापेक्ष उनके द्वारा माह जनवरी में रू0 1.80 करोड़ माह फरवरी में रू0 1.74 करोड़ तथा माह मार्च में रू0 1.80 करोड़ कुल रू0 5.34 करोड़ व्यय करने हेतु अवगत कराया गया। निर्देश दिये गये कि बैजरों खण्ड मे अवशेष कार्यो को दृष्टिगत रखते हुए इनका लक्ष्य 12.19 करोड़ से बढाकर रू0 15.00 करोड़ किया गया । सम्बन्धित पी0आई0यू0 तत्काल अपना विस्तृत विवरण प्रस्तुत करेंगे।

बैजरो खण्ड द्वारा गत वर्ष माह दिसम्बर में **रू0 0.52 करोड** के सापेक्ष इस वर्ष माह दिसम्बर में **रू0 2.26 करोड़** का व्यय किया गया हैं **जो संतोषजनक है।** बैजरो खण्ड द्वारा माह दिसम्बर में किये गये व्यय एवं इस खण्ड में अवशेष कार्यो दृष्टिगत रखते हुए इनका लक्ष्य बढाया जाना उचित होगा। निर्देश दिये गये कि सम्बन्धित अधीक्षण अभियन्ता, बैजरो खण्ड के कार्यो का विस्तृत परीक्षण कर लक्ष्यों को बढाते हुए व्यवहारिक कार्ययोजना तत्काल प्रस्तुत करें।

26. **कीर्तिनगर खण्ड** का वर्ष 2014–15 का वित्तीय लक्ष्य रू0 9.00 करोड है जिसके सापेक्ष उनके द्वारा माह दिसम्बर तक रू0 6.31 करोड़ का व्यय किया गया । अवशेष लक्ष्य रू0 2.61 करोड़ के सापेक्ष उनके द्वारा माह जनवरी में रू0 0.70 करोड़ माह फरवरी में रू0 0.90 करोड़ तथा माह मार्च में रू0 1.10 करोड़ कुल रू0 2.70 करोड़ व्यय करने हेतु अवगत कराया गया। कीर्तिनगर खण्ड में अवशेष कार्यो को दृष्टिगत रखते हुए इन्हें अपना लक्ष्य संशोधित करने के निर्देश दिये गये है ।

कीर्तिनगर खण्ड द्वारा गत वर्ष माह दिसम्बर में **रू0 0.00 करोड** के सापेक्ष इस वर्ष माह दिसम्बर में **रू0 0.95 करोड** का व्यय किया गया हैं **जो संतोषजनक है।**

**अधीक्षण अभियन्ता श्रीनगर वृत्त को निर्देश दिये गये कि वे अपने वृत्त का वार्षिक वित्तीय लक्ष्य रू0 70.97 करोड़ से बढाते हुए उक्तानुसार व्यवहारिक खण्डवार कार्ययोजना तत्काल प्रस्तुत करें ।**

27. **पोखरी खण्ड** का वर्ष 2014–15 का वित्तीय लक्ष्य रू0 10.00 करोड है जिसके सापेक्ष उनके द्वारा माह दिसम्बर तक रू0 3.01 करोड़ का व्यय किया गया । अवशेष लक्ष्य रू0 6.99 करोड़ के सापेक्ष उनके द्वारा माह जनवरी में रू0 1.20 करोड़ माह फरवरी में रू0 2.00 करोड़ तथा माह मार्च में रू0 3.36 करोड़ कुल रू0 6.56 करोड़ व्यय करने हेतु अवगत कराया गया।

पोखरी खण्ड द्वारा इस वर्ष दिसम्बर में **रू0 0.46 करोड** का व्यय किया गया हैं, तथा इनकी माह दिसम्बर तक की प्रगति केवल 30% है, **जो अत्यन्त असंतोषजनक है।** पोखरी खण्ड द्वारा माह दिसम्बर में किये गये व्यय की तुलना में अवशेष लक्ष्य को पूर्ण करने हेतु विशेष प्रयास की आवश्यकता है। निर्देश दिये गये कि सम्बन्धित अधीक्षण अभियन्ता, पोखरी खण्ड के कार्यो का विस्तृत परीक्षण कर लक्ष्यों को पूर्ण करने हेतु व्यवहारिक कार्ययोजना तत्काल प्रस्तुत करें तथा माह जनवरी में अच्छी प्रगति प्राप्त करें, अन्यथा की स्थिति में सम्बन्धित अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी।

28. **कर्णप्रयाग खण्ड–।** का वर्ष 2014–15 का वित्तीय लक्ष्य रू0 32.00 करोड है जिसके सापेक्ष उनके द्वारा माह दिसम्बर तक रू0 24.11 करोड़ का व्यय किया गया । अवशेष लक्ष्य रू0 7.89 करोड़ के सापेक्ष उनके द्वारा माह जनवरी में रू0 2.00 करोड़ माह फरवरी में रू0 3.00 करोड़ तथा माह मार्च में रू0 3.00 करोड़ कुल रू0 8.00 करोड़ व्यय करने हेतु अवगत कराया गया।

कर्णप्रयाग खण्ड–1 द्वारा इस वर्ष दिसम्बर में **रू0 1.38 करोड** का व्यय किया गया हैं **जो संतोषजनक नहीं है।** कर्णप्रयाग खण्ड–। में अवशेष कार्यो को दृष्टिगत रखते हुए इनका लक्ष्य 32.00 करोड़ से बढाकर रू0 34.00 करोड़ किया जाना उचित है। कर्णप्रयाग खण्ड–। को अवशेष लक्ष्य को पूर्ण करने हेतु विशेष प्रयास की आवश्यकता है। निर्देश दिये गये कि सम्बन्धित अधीक्षण अभियन्ता, कर्णप्रयाग खण्ड–1 के कार्यो का विस्तृत परीक्षण कर लक्ष्य को पूर्ण करने हेतु व्यवहारिक कार्ययोजना तत्काल प्रस्तुत करें।

29. **कर्णप्रयाग–2 खण्ड** का वर्ष 2014–15 का वित्तीय लक्ष्य रू0 13.00 करोड है जिसके सापेक्ष उनके द्वारा माह दिसम्बर तक रू0 8.90 करोड़ का व्यय किया गया । अवशेष लक्ष्य रू0 4.10 करोड़ की पूर्ति हेतु उनके द्वारा माह जनवरी में रू0 1.50 करोड़ माह फरवरी में रू0 1.10 करोड़ तथा माह मार्च में रू0 1.50 करोड़ कुल रू0 4.10 करोड़ व्यय करने हेतु अवगत कराया गया। इस खण्ड में मूलागढ़ से मटई मोटर मार्ग लागत रू0 711.96 लाख का कार्य अवार्ड कर दिया गया है, अतः अवशेष लक्ष्यों को संशोधित करते हुए इस सम्बन्ध में अथोराईजेशन की मांग प्रेषित करें।

कर्णप्रयाग खण्ड–2 द्वारा इस वर्ष दिसम्बर में **रू0 2.33 करोड** का व्यय किया गया हैं **जो संतोषजनक है।** निर्देश दिये गये कि सम्बन्धित खण्ड अवशेष लक्ष्यों को ससमय पूर्ण करें।

30. **रूद्रप्रयाग खण्ड** का वर्ष 2014–15 का वित्तीय लक्ष्य रू0 22.00 करोड है जिसके सापेक्ष उनके द्वारा माह दिसम्बर तक रू0 12.60 करोड़ का व्यय किया गया । अवशेष लक्ष्य रू0 9.40 करोड़ के सापेक्ष उनके द्वारा माह जनवरी में रू0 2.82 करोड़ माह फरवरी में रू0 3.65 करोड़ तथा माह मार्च में रू0 3.80 करोड़ कुल रू0 10.27 करोड़ व्यय करने हेतु अवगत कराया गया।

रूद्रप्रयाग खण्ड द्वारा इस वर्ष दिसम्बर में **रू0 5.13 करोड** का व्यय किया गया हैं **जो संतोषजनक है।** रूद्रप्रयाग खण्ड द्वारा माह दिसम्बर में किये गये व्यय एवं अवशेष कार्यो को दृष्टिगत रखते हुए इनका लक्ष्य 22.00 करोड़ से बढाकर रू0 27.00 करोड़ किया जाना उचित है। निर्देश दिये गये कि सम्बन्धित अधीक्षण अभियन्ता, रूद्रप्रयाग खण्ड के कार्यो का विस्तृत परीक्षण कर लक्ष्य को पूर्ण करने हेतु व्यवहारिक कार्ययोजना तत्काल प्रस्तुत करें।

31. **जखोली खण्ड** का वर्ष 2014–15 का वित्तीय लक्ष्य रू0 15.00 करोड है जिसके सापेक्ष उनके द्वारा माह दिसम्बर तक रू0 12.35 करोड़ का व्यय किया गया । अवशेष लक्ष्य रू0 2.65 करोड़ की पूर्ति हेतु उनके द्वारा माह जनवरी में रू0 1.00 करोड माह फरवरी में रू0 1.00 करोड़ तथा माह मार्च में रू0 2.00 करोड़ कुल रू0 4.00 करोड व्यय करने हेतु अवगत कराया गया। इस सम्बन्ध में अथोराईजेशन की मांग प्रेषित करेंगे।

जखोली खण्ड द्वारा इस वर्ष दिसम्बर में **रू0 3.08 करोड** का व्यय किया गया हैं **जो संतोषजनक है।**

**अधीक्षण अभियन्ता गोपेश्वर वृत्त को निर्देश दिये गये कि वे अपने वृत्त का वार्षिक वित्तीय लक्ष्य रू0 92.00 करोड़ से बढाते हुए उक्तानुसार व्यवहारिक खण्डवार कार्ययोजना तत्काल प्रस्तुत करें ।**

**सभी अधीक्षण अभियन्ता पी0एम0जी0एस0वाई0 वृत्त को निर्देश दिये गये, कि वे अपने अधीन खण्डों में मार्गो के निर्माण हेतु आथोराईजेशन की त्रैमासिक मांग, कार्यवार , माहवार संकलित कर यू0आर0आर0डी0ए0 को उपलब्ध करायेंगे तथा इसका प्रभावी अनुश्रवण कर यह सुनिश्चित करेंगे कि समय से आथोराईजेशन पी0आई0यू0 को प्राप्त हो जायें।**

अन्य बिन्दु :-

1. मार्गो के निर्माण हेतु यू0आर0आर0डी0ए0 में एक आर0एन0डी0 सैल खोले जाने के निर्देश दिये गये तथा सभी अधीक्षण अभियन्ता एवं मुख्य अभियन्ताओं को आर0एन0डी0 के अंतर्गत मार्गो में प्रयोग किये जाने वाली सामग्री यथा Emulsion, CRMB एवं RBI-81 आदि के द्वारा मार्गो का निर्माण प्रस्तावित करते हुए आगणनों की तकनीकी स्वीकृति को भी तद्नुसार संशोधित करने के भी निर्देश दिये गये है ।

2. Restoration हेतु उपलब्ध करायी गई धनराशि में व्यय अत्यन्त कम है । अवशेष कार्यो पर होने वाली व्यय को आगामी तीन माह में व्यय किये जाने हेतु Phasing की जाये तथा अगली बैठक में इसे एजेन्डे में सम्मिलित किया जाये।

3. जो कार्य अभी अवार्ड हुए हैं अथवा हो रहे हैं उनमें Date of Award के आधार पर Date of Agreement , Date of Technical sanction, Date of Start की प्रस्तावित समयसारणी परिचालित कर तद्नुसार कार्यवाही समय से सुनिश्चित की जाये। ऐसी समयसारणी को आगामी समीक्षा में अद्यतन स्थिति के साथ प्रस्तुत किया जायें।

4. अंतिम बीजक को भुगतान करने से पूर्व सम्बन्धित अधीक्षण अभियन्ताओं की आख्या के लिए जारी किये गये प्रारूप को आवश्यकतानुसार सरल किये जाने के निर्देश दिये गये।

5. अवशेष वनभूमि हस्तानान्तरण प्रस्ताव के निस्तारण हेतु कार्यवार, कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिये गये तथा यू0आर0आर0डी0ए0 में नियुक्त किये गये दोनों वनाधिकारी आवश्यकतानुसार क्षेत्र का भ्रमण कर वनभूमि हस्तानान्तरण प्रस्ताव का निस्तारण करायें।

6. विश्व बैंक पोषित कार्यो के सम्बन्ध में निर्देश दिये गये, कि इन कार्यो को प्रत्येक दशा में नवम्बर 2016 तक पूर्ण किया जाना है इसलिए सभी अधीक्षण अभियन्ता सितम्बर 2016 से पूर्व इन कार्यो को पूर्ण करने हेतु कार्यवार विस्तृत कार्ययोजना बनायेगें, ताकि यदि एस0क्यू0एम0 द्वारा कोई कमियां इंगित की जाये तो अन्तिम दो माह में कमियों को निराकरण कराकर कार्य का Financial closure भी माह नवम्बर 2016 तक किया जा सकें। इस हेतु सभी अधीक्षण अभियन्ताओ एवं अधिशासी अभियन्ताओ को यू0आर0आर0डी0ए0 द्वारा तैयार की गई कार्ययोजना ई–मेल के माध्यम से प्रेषित की गई है। सभी अधीक्षण अभियन्ता प्रस्तुत की गई कार्ययोजना में आवश्यकतानुसार संशोधन कर अंतिम कार्ययोजना एक सप्ताह के भीतर यू0आर0आर0डी0ए0 को प्रस्तुत करेंगे।

अन्त में, बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों को धन्यवाद देकर बैठक का समापन किया गया तथा आगामी बैठक विडियों कॉन्फ्रैन्स के माध्यम से 15 दिवस पश्चात् की जायेगी।

(अरविन्द सिंह ह्यांकी)
मुख्य कार्यकारी अधिकारी

**प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित –**

1. सचिव, ग्राम्य विकास विभाग, उत्तराखण्ड शासन को अवलोकनार्थ प्रेषित।
2. मुख्य अभियन्ता, पी0एम0जी0एस0वाई0, गढ़वाल क्षेत्र, देहरादून एवं कुमाँऊ क्षेत्र, अल्मोड़ा।
3. समस्त अधीक्षण अभियन्ता, पी0एम0जी0एस0वाई0 वृत्त, उत्तराखण्ड।
4. समस्त अधिशासी अभियन्ता, पी0आई0यू0 (पी0एम0जी0एस0वाई0), उत्तराखण्ड।
5. वित्त नियंत्रक यू0आर0आर0डी0ए0, देहरादून।
6. अधीक्षण अभियन्ता–। एवं ।। यू0आर0आर0डी0ए0 देहरादून।
7. अधिशासी अभियन्ता–। एव ।। यू0आर0आर0डी0ए0 देहरादून।
8. फोरेस्ट अधिकारी यू0आर0आर0डी0ए0 देहरादून।

(ए0के दिनकर)
मुख्य अभियन्ता